नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर (छ.ग.)

(नवम्बर 2017)

डा अजय तिर्की महापौर

प्रिय नगरवासियों ,

कोई भी संस्था के सफल संचालन में वहां के नगरवासियो का सहयोग आवश्यक होता है और नगर में चलने वाले प्रत्येक कार्यो की पारदर्शिता एंव सुगमता मेरी प्राथमिता रही है इसी तारत्मय में इस वेब साईट का निमार्ण कराया गया है मेरा नगर वासियो से अपील है कि नगर में चल रहे स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत हो रहे शौचालयो का निर्माण अपने घरो में करा कर सहयोग प्रदान करें साथ ही आप सभी से अपील है कि समस्त करो का भुगतान समय पर करे, जल को व्यर्थ ना बहने दे, प्लास्टिक कैरी बैगो का इस्तेमाल ना करे एंव कचरो में निपटान में सहयोग कर नगर निगम को एक मजबूत निगम बनाने में सहयोग प्रदान करे । अतः में आप के सभी कार्यो को तत्परता सुगमता से करने के वादे के साथ,आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं आप स्वस्थ रहे निरोग रहे इसी आशा के साथ आपका।

डा अजय तिर्की महापौर

श्रीमति सूर्य किरण तिवारी अग्रवाल (रा.प्र.से.)
आयुक्त

स्वच्छ भारत का सपना माननीय प्रधानमंत्री जी के सर्वोच्च कार्यो का प्रथम राष्ट्रीय सोपान है, और यह गर्व का विषय है कि छग के आदिवासी अंचल सरगुजा में अवस्थित नगर निगम अम्बिकापुर एवं अम्बिकापुर के सम्मानित नागरिकों ने इस सपने को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाई है, एवं उल्लेखनिय कार्य किया है, एस एल आर एम अम्बिकापुर माडल शत प्रतिशत डोर टु डोर संग्रहण एवं आजीविका मिशन का अनुपम उदाहरण है, इसी का परिणाम है कि इस श्रेष्ठ कार्य ने 3 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर इस अंचल को गौरवान्वित किया है, इस कार्य की कार्यस्थिती इस बात से ही प्रमाणित हो जाती है कि आज यह माडल छग के समस्त नगरीय निकायों के लिये मिशन क्लीन सिटी के रूप में प्रेरणा स्त्रोत बन चुका है, एवं पुष्पित एवं पल्लवित हो रहा है, इसके साथ ही अम्बिकापुर निगम खुले में शौच मुक्त नगर निगम का दर्जा प्राप्त कर अपने इस कार्य में सफलता का एक और पायदान कायम किया है

सूर्य किरण तिवारी अग्रवाल

दिनांक 2 नवम्बर 2017

आगामी स्वचछ सर्वेक्षण मे रैकिग बरकरार रखना चुनौती

देश के दो लाख आबादी वाले शहरो मे सबसे स्वच्छ शहर का अवार्ड पाने के बाद अब स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 मे बेहतर रैकिंग व वर्तमान स्थिति को बनाए रखने के लिए नगर निगम ने तैयारिया शुरू कर दी है शहर मे चल रहे डोर टु डोर कचरा प्रबंधन कार्य व सफाई व्यवस्था को लेकर गठित मोहल्ले समिति के अध्यक्षो को मेयर व आयुक्त ने बुधवार को गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रयास शुरू कर देने का आहान किया है मोहल्ला समिति के अध्यक्षो को यह जिम्मेदारी दे दी गई कि वे अपने मोहल्ले के हर घर मे पहुंचे और डोर टु डोर कचरा प्रबंधन मे आ रही समस्याओ के साथ सफाई व्यव्सथा स्टीट लाईट त्त्काल निदान 1100 व स्वच्छ्ता एप मे शिकायत करे ताकि उसका त्वरित निराकरण हो सके अंबिकापुर शहर को स्वछत सर्वेक्षण 2017 मे देश मे दो लाख की आबादी वाले शहरो मे नंबर वन स्वच्छ शहर का तमगा मिल चुका है

दिनांक 2 नवम्बर 2017

17 वर्ष से पानी टंकी के नीचे चल रहा निगम दफतर

नगर के निगम बनने के 17 वर्ष बाद भी शहर के एक पानी टंकी के नीचे नगर निगम का दफतर संचालित हो रहा है पांच वर्ष् पुर्व प्रदेश के मुखिया के हाथो चार करोड की लागत से बनने वाली नगर निगम प्रशासनिक भवन शिलान्यास तो करा लिया गया पर नगर निगम व प्रशासन ने अब तक भवन निर्माण की शुरूवात कराने की कोई पहल नही की है नगर के गौरव पथ से लगी शासकीय भुमि का आंबटन की प्रकिया भी राजस्व विभाग मे लंबित है ऐसी सिथति मे नगर निगम के नए भवन का निर्माण कार्य इस वर्ष भी शुरू हो पाएगा इसको लेकर संशय की स्थिति है गौरतलब है कि वर्ष 2000 मे नगर पालिक अम्बिकापुर को नगर निगम का दर्जा

मिला और महामाया चौक के पुराने भवन से दफतर को केदारपुर पानी टंकी के नीचे लाया गया जहां आज तक निगम का प्राशासनिक कार्यालय संचालित हो रहा है

दिनांक 3 नवम्बर 2017

बदहाल गुदरी बाजार की सुधारने व्यवस्था

वर्षो से अव्यवस्था का शिकार गुदरी बाजार को व्यवस्थित करने की कवायद शुरू हो गई है गुदरी बाजार मे चारपहिया वाहनो के प्रवेश पर पुरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है इसके लिए बाजार के प्रवेश मार्ग पर बेरियर लगाया गया है निगम आयुक्त के नेतव मे निकली टीम के आज बाजार के ग्रामीण सब्जी विक्रेताओ के लिए बने शेड मे कोचियो द्वारा कब्जाकर सब्जी बेचते देख जमकर फटकार लगाई और तत्काल शेड से हटाकर ग्रामीण किसानो को जगह दिलाई गुदरी बाजार के मुख्य मार्ग पर दोनो तरफ दुकान सजाकर बैठने वालो को भी हटा दिया गया है निगम द्वारा पहली बार की बडी कारवाई से अव्यवस्था फैला रहे कोचियो मे हडकंप है

दिनांक 3 नवम्बर 2017

लोग फेंक रहे थे कचरा निगम सफाई कर बनवा रही रंगोली

शहर मे शत प्रतिशत डोर टु डोर कचरा कलेक्शन होने के बावजुद जिन स्थानो पर लोगो द्वारा कचरा फेका जा रहा है वहां अब जुर्माना वसुली के साथ लोगो को सफाई के लिए प्रेरित करने निगम ने नया अभियान छेडा है ऐसे स्थानो को साफ कर सफाई मित्रो द्वारा रंगोली बनाई जा रही है ताकि लोग सुंदर रंगोली को देख कचरा फेकना बंद करे शहर मे ऐसे स्थानो का चिन्हाकन किया जा चुका है जंहा लगातार सफाई के बावजुद लोग घर व दुकान मे पहुंचने वाली महिलाओ को कचरा देने के बजाए खाली स्थानो पर फेक रहे है स्वचछता मे गत वर्ष के सर्वेक्षण मे खाति अर्जित करने के बाद इसे स्थाई बनाए रखना नगर निगम के लिए चुनौती बनी हुई है एक दिन पुर्व ही मेयर व आयुक्त ने मोहल्ले समिति के अध्यक्षो की बैठक लेकर डोर टु डोर कचरा कलेक्शन की मानिटरिंग करने व फीडबैक लेने की जिम्मेदारी सौपी है

दिनांक 5 नवम्बर 2017

सफाई की शिकायतो के निवारण के शहर पिछडा 10 से 30 वे नंबर पर पहॅुच गया

अगले स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियो मे लगे नगर निगम को इस अभियान मे बडा झटका लगा है स्वच्छता अभियान मे दो लाख से कम आबादी वाले शहरो मे अम्बिकापुर देश मे अव्वल है लेकिन फिर भी सफाई की ऑनलाइन शिकायतो के निराकरण मे अम्बिकापुर देश भर मे पिछले महीने तक 14 व नंबर पर था अब यहां से खिसकर अम्बिकापुर 30 वे नंबर पर पहुंच गया है त्यौहारी सीजन मे सफाई व्यव्स्था प्रभावित होने के कारण और शिकायतो के निराकरण मे लापरवाही बरतना ही इसके पीछे सबसे बडा कारण बताया जा रहा है अम्बिकापुर शहर के लिए थोडी राहत वाली खबर यह जरूर है कि इस अभियान मे छत्तीसगढ मे अम्बिकापुर की एक नंबर पोजीशन कायम है नगरीय प्रशासन विभाग के सेक्रेरटी रोहित यादव ने इस अभियान से जुडे निगम के अधिकारियो को अम्बिकापुर की नंबर वन पोजीशन बरकरार रखने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए है

दिनांक 5 नवम्बर 2017

सडक चौडीकरण करने से पहले कब्जा करने वालो पर कारवाई करे कलेक्टर

कलेक्टर किरण कौशल ने शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष मे राष्टीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कटघोरा अम्बिकापुर तथा अम्बिकापुर पत्थलगांव सडक चौडीकरण के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि सडक चौडीकरण के लिए निर्धारित माप अनुसार मार्किग कर कच्चे एंव पक्के अतिक्रमणो पर त्त्काल कारवाई करना सुनिष्चित करे उन्होने कहा कि एक सप्ताह मे सभी अतिक्रमणो पर कारवाई करते हुए सडक चौडीकरण के कार्य मे तेजी लाए राष्टीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियो से कहा कि अभी सडक की चौडीकरण करने समय लगेगा इसलिए जहा जहा सडक की पैचिग करने की जरूरत है

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

सम्पर्क हेतु नंबर –

निदान 1100 –

सफाई, पानी, सड़क बत्ती, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, संबंधित शिकायत दर्ज करवाने संपर्क करे.

कार्यालय का पता – नगर पालिक निगम प्रशासनिक भवन, केदारपुर पानी टंकी अम्बिकापुर (छ.ग.)